यूं कहें यशोदा मैया

अरे यूं कहें यशोदा मैया घनश्याम चराए ला गैया,
घनश्याम चराए ला गैया नंदलाल चराए ला गैया,
अरे यूं कहें यशोदा मैया....

वहां तोरी माता मोहे भूख लगेगी,
अरे तेरे संग दही की मटकिया,
घनश्याम चराए ला गैया.
अरे यूं कहे यशोदा मैया....

वहां तोरी माता मोहे प्यास लगेगी,
अरे वहां बह रही जमुना मैया,
घनश्याम चराए ला गैया,
अरे यू कहे यशोदा मैया.....

वहां तोरी मैया मोहे गर्मी लगेगी,
अरे वहां कदम कदम पर छैया,
घनश्याम चराए ला गैया,
अरे यूं कहे यशोदा मैया....

वहां तोरी माता मोहे नींद लगेगी,
अरे पत्तन के लगे बिछिया,
घनश्याम चराए ला गैया,
अरे यूं कहे यशोदा मैया....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26064/title/yu-kahe-yashoda-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |